INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR
DEPARTMENT OF HINDI [2023-2024]

TOPIC: राजकुमार अर्जुन WORKSHEET- अर्थग्रहण
RESOURCE PERSON: MRS. RIZWANA BEGUM
NAME: ________________ CLASS: V SEC.__ DATE: ______

I. नीचे दिए गए पाठ्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए:

एक गुरुजी राजकुमारों को धनुष-बाण चलाना सिखाते थे। एक दिन वे उनकी परीक्षा लेने के लिए उन्हें जंगल ले गए। उन्होंने एक वृक्ष पर मिट्टी की चिड़िया रखी और उस पर राजकुमारों को निशाना लगाने के लिए कहा। सभी राजकुमारों ने एक-एक करके निशाना लगाया लेकिन एक भी राजकुमार सही निशाना न लगा सका। अंत में अर्जुन की बारी आई। गुरु ने अर्जुन से पूछा कि तुम्हें वृक्ष पर क्या दिखाई दे रहा है ? अर्जुन ने कहा कि उसे केवल चिड़िया नज़र आ रही है। यह सुनते ही गुरुजी ने बाण चलाने के लिए कहा। अर्जुन का बाण सही निशाने पर लगा। गुरुजी ने अर्जुन से कहा कि जो मन लगाकर अपना काम करते हैं, उन्हें सफ़लता अवश्य मिलती है।

क) अनुच्छेद के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए:

1. गुरुजी ने राजकुमारों की परीक्षा कहाँ ली ?

उत्तर. ---

----

2. सफ़लता किन्हें मिलती है ?

उत्तर. ---

ख) सही या गलत (√ or ×) का निशान लगाइए:

1. अर्जुन के बाण चलाने पर चिड़िया उड़ गई। ☐
2. गुरुजी राजकुमारों को बाण चलाना सिखाते थे। ☐

ग) अनुच्छेद के आधार पर सही वर्तनी पर गोला लगाइए:

1. धनुश / धनुष 2. परीक्षा / परिक्षा

ग) कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर लिखिए:

1. गुरुजी ने ☐ चलाने को कहा | (बाण / गोली)
2. गुरूजी ने वृक्ष पर ☐ की चिड़िया रखी। (पत्थर / मिट्टी)